उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार–249404

संख्या : 135/25/E-1/DR/RO/ARO/ACCOUNT/2023-24   दिनांक : 14 अगस्त, 2025

विस्तृत विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड सचिवालय/उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, समीक्षा अधिकारी (लेखा)/सहायक समीक्षा अधिकारी (लेखा) मुख्य परीक्षा–2024

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या : A-1 /E-1/DR/2024-25 दिनांक 27 सितम्बर, 2024 द्वारा विज्ञापित 'उत्तराखण्ड सचिवालय/उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, समीक्षा अधिकारी (लेखा)/सहायक समीक्षा अधिकारी (लेखा) परीक्षा–2024' के सापेक्ष सम्पन्न प्रारम्भिक परीक्षा का परिणाम विज्ञप्ति संख्या : 35/19/स0अ0/स0स0अ0/(लेखा)/G-2/2024–25 दिनांक 27 मई, 2025 द्वारा घोषित किया गया था।

2– उक्तांकित प्रारम्भिक परीक्षा के परिणाम में सफल घोषित अभ्यर्थियों को आयोग कार्यालय की विज्ञप्ति संख्या : 99 दिनांक 19 जून, 2025 द्वारा आयोग की वेबसाइट psc.uk.gov.in पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से मुख्य परीक्षा हेतु **ऑनलाइन विभागवार/पदवार वरीयता** एवं **मुख्य परीक्षा का शुल्क** दिनांक 20 जून, 2025 से 04 जुलाई, 2025 तक भरने एवं दिनांक 10 जुलाई, 2025 को आयोग कार्यालय में उपस्थित होकर अभिलेख सत्यापन कराने हेतु निर्देशित किया गया था।

तत्क्रम में मुख्य परीक्षा का शुल्क जमा करने वाले सभी 73 अभ्यर्थियों को मा0 आयोग द्वारा मुख्य परीक्षा में औपबन्धिक रूप से सम्मिलित किए जाने का निर्णय लेते हुए मुख्य परीक्षा के परिणाम के पश्चात अभिलेख सत्यापन किए जाने का निर्णय लिया गया है।

3– औपबन्धिक रूप से अर्ह घोषित 73 अभ्यर्थियों की मुख्य परीक्षा का आयोजन निम्नलिखित कार्यक्रमानुसार राज्य के एकमात्र परीक्षा केन्द्र परीक्षा भवन, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में किया जायेगा :–

क्र.सं.	प्रश्न पत्र का नाम	तिथि एवं दिवस	समय
1	सामान्य अध्ययन (परम्परागत प्रकार)	03 सितम्बर, 2025 (बुधवार)	प्रातः 09:00 बजे से मध्याह्न 12:00 बजे तक
2	सामान्य हिन्दी तथा निबन्ध (परम्परागत प्रकार)	03 सितम्बर, 2025 (बुधवार)	अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक
3	वाणिज्य (परम्परागत प्रकार)	04 सितम्बर, 2025 (गुरूवार)	प्रातः 09:00 बजे से मध्याह्न 12:00 बजे तक

4– अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा हेतु अपना प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट psc.uk.gov.in पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से दिनांक **19 अगस्त, 2025** से डाउनलोड करना सुनिश्चित करें। अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा हेतु प्रवेश–पत्र पृथक से डाक द्वारा प्रेषित नहीं किए जायेंगे। प्रश्नगत मुख्य परीक्षा के सापेक्ष परीक्षा शुल्क जमा न करने वाले अभ्यर्थी की अभ्यर्थन निरस्त सूची आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

-S/D-

(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।